04 मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही...



05 विशाल कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त सोमवार से शुरू होगी...






## समाचार संक्षेप

### मतदान दिवस पर कल रहेगा सामान्य अवकाश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की अधिसूचना

**गुना।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार मध्यप्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिये तृतीय चरण में संसदीय क्षेत्र 4-गुना एवं 20-राजगढ़ में 7 मई 2024 को मतदान होना है। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार गुना जिले में तृतीय चरण का मतदान 7 मई मंगलवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सामान्य अवकाश रहेगा।

### ग्राम मुरादपुर में मतदाताओं को मतदान करने की दिलाई गई शपथ

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान जारी हैं। इसी क्रम में विधानसभा बमोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरादपुर में मतदाताओं के मतदान न करने की सूचना मिली थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए वन अधिकारियों द्वारा ग्रामीणजनों को समझाइश दी गयी और उन्हें 7 मई 2024 को मतदान करने के लिये प्रेरित किया और मतदान करने के लिये ग्रामीणों को शपथ दिलाई गयी।

### राघौगढ़ में नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया गया जागरूक




**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना श्री प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 7 मई को होना है। इसी क्रम में नगर पालिका राघौगढ़ के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियां जारी है। आज राघौगढ़ वार्ड क्रमांक 22 कर्माखेड़ी रूठियाई में नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई गई। इस दौरान नगर पालिका के श्री आरीफ खान, योगेश सुभम तथा नागरिकजन उपस्थित रहे।

### आरोन में पीले चावल देकर मतदाताओं को अनिवार्य मतदान के लिए किया जागरूक




**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 7 मई को होना है। इसी क्रम में नगर आरोन क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग हनुमान मंदिर से मुख्य बाजार पर पीले चावल देकर दिनांक 7 मई 2024 को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए मतदाताओं को आमंत्रित किया गया। इस दौरान स्वीप गतिविधि में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश कुमार सोनी, नोडल अधिकारी जिगर शेख, बीईओ श्री विनोद रघुवंशी, मध्यांचल ग्रामीण बैंक मैनेजर सुधीर मस्कोले, मध्यांचल ग्रामीण बैंक स्टाफ सहित नागरिकजन उपस्थित रहे।

# केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया में महिला व दिव्यांग भी संभालेंगे कमान

**लोकसभा निर्वाचन मतदान के लिए किया जा रहा है नवाचार**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये 04 गुना संसदीय क्षेत्र के विस 28-बमोरी व 29-गुना तथा 20-राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के विस 30-चांचौड़ा व 31-राघौगढ़ में दिनांक 07 मई को मतदान होना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों को सर्व-सुविधायुक्त जैसे - मतदान केन्द्रों पर साफ-सफाई, रंगाई, पुताई, विद्युत व्यवस्था, पंखे की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं मतदाताओं के लिए विश्राम स्थल आदि की व्यवस्था का कार्य कराया गया है, जिससे मतदान के दौरान आने वाले मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्हें लंबी कतार में लगना न पड़े और उन्हें मतदान केन्द्र पर ठंडा पानी उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था भी की जा रही है। इसी प्रकार जिले पार्टनर विभाग, स्थानीय निकायों एवं बैकर्स के सहयोग से 154 सर्व-सुविधायुक्त आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें बमोरी में 22, गुना में 53, चांचौड़ा में 36 एवं राघौगढ़ में 43 स्थापित किये गये हैं। इसी तरह जिले में चारों विधानसभाओं में 215 मिक्स बूथ बनाये गये हैं, जिसमें पुरूषों के साथ महिला कर्मचारियों को भी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में महिला एवं दिव्यांगजन कर्मचारियों को भी मतदान प्रक्रिया एवं मतदान केन्द्रों के संचालन के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उनके उत्साह को देखते हुए जिले में 80 मतदान केन्द्र ऐसे बनाये गये हैं जो पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित किये जायेंगे। जिसमें बमोरी में 5, गुना में 55, चांचौडा में 10 एवं राघौगढ़ 10 महिला बूथ स्थापित किये गये हैं। इसी प्रकार 10 मतदान केन्द्र ऐसे स्थापित किये जा रहे हैं जिनका संचालन पूर्ण रूप से दिव्यांगजनों द्वारा किया जायेगा। जिसमें बमोरी में 1, गुना में 5, चांचौड़ा में 2 एवं राघौगढ़ में 2 दिव्यांग बूथ स्थापित किये गये हैं।

### एमसीएमसी एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 6 मई को प्रातः मतदान दलों की रवानगी होगी और 7 मई को मतदान होगा।ई-गवर्नेंस प्रबंधक गौतम श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर विधानसभावार कम्युनिकेशन टीम नियुक्त की गई है। जो मतदान दलों की रवानगी तथा मतदान दिवस पर प्रत्येक 2 घंटे में मतदान की प्रतिशत की जानकारी तथा ईव्हीएम से संबंधित समस्याओं का निराकरण आदि की रिर्पोटिंग का कार्य करेंगी। इसी प्रकार कंट्रोल रूम के माध्यम से सेक्टर अधिकारी के वाहन एवं मतदान दलों के लिए उपयोग आने वाले वाहन एवं बसों में लगभग 400 जीपीएस लगाये जा रहे हैं, जिनकी मॉनिटरिंग का कार्य कंट्रोल रूम से की जायेगी। कंट्रोल रूम में एसएसटी के 42 नाकों एवं एफएसटी दलों की निगरानी वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी। इसी प्रकार कंट्रोल रूम से शिकायतों की मॉनिटरिंग-एनजीआरएस, सी-विजिल एवं 1950 में नियुक्त 56 सदस्यीय कम्युनिकेशन टीम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण, पोलिंग पार्टी रवानगी, सेक्टर अधिकारी का भ्रमण की जानकारी एवं बीएलओ से संबंधित एकत्रित करने की कार्यवाही की जायेगी। मतदान दिवस को 837 मतदान केन्द्रों की निगरानी का कार्य वेबकास्टिंग के माध्यम से किया जायेगा। इस तरह जिले में एमसीएमसी मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के माध्यम से पेड न्यूज एवं फैक न्यूज पर नजर रखने का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन के दौरान सोशल मीडिया पर 24 घंटे नजर रखी जायेगी। मतदान के एक दिन पूर्व एवं मतदान के दिवस एमसीएमसी कमेटी के बिना सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन अभ्यर्थी द्वारा जारी नही किया जावेगा। एमसीएमसी मीडिया सेल में स्थित टीव्ही निगरानी टीम, सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक टीम द्वारा 24 घंटे खबरों पर नजर रखने का कार्य किया जा रहा है।

## 4-गुना एवं 20-राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में कल होगा मतदान

# जिले के 1099 मतदान केंद्रों पर 9 लाख 44 हजार 959 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए 118 सेक्टर अधिकारी एवं 18 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट किए गए हैं नियुक्त**

**जिले में 80 महिला बूथ, 10 पीडब्लयूडी बूथ एवं 154 आदर्श मतदान केन्द्र किए गए हैं स्थापित**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 4-गुना एवं 20-राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। जिसमें कुल 1099 मतदान केन्द्रों पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 4-गुना में विधानसभा निर्वाचन खण्ड 28-बमोरी में मतदान केन्द्रों की संख्या 277 तथा 29-गुना (अ.जा.) में मतदान केंद्रों की संख्या 268 एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 20-राजगढ़ में विधानसभा निर्वाचन खण्ड 30-चांचौड़ा में मतदान केन्द्रों की संख्या 282 तथा 31-राघौगढ़ में मतदान केन्द्रों की संख्या 272 है। इस प्रकार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 4-गुना एवं 20-राजगढ़ में कुल 1099 मतदान केन्द्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में 80 महिला बूथ, 10 पीडब्लयूडी बूथ एवं 215 मिक्स बूथ स्थापित किये गये हैं। इसी प्रकार पार्टनर विभाग, स्थानीय निकायों एवं बैकर्स के सहयोग से 154 सर्व-सुविधायुक्त आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने के उद्देश्य से रिजर्व सहित कुल 118 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गये हैं, जो मतदान दलों के सतत संपर्क में रहेंगे और मतदान दलों के सहयोग, समन्वय करेंगे एवं रिर्पोटिंग का कार्य करेंगे। इसी प्रकार शांतिपूर्ण, निष्पक्ष मतदान कराने के उद्देश्य से कानून व्यवस्था नियंत्रण के लिए 18 राजस्व अधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है। इस दौरान मतदान प्रक्रिया के संचालन में या ईव्हीएम के संचालन में किसी प्रकार का एरर आता है तो उसके समाधान के लिए सभी सेक्टर अधिकारियों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक-एक मास्टर ट्रेनर्स भी नियुक्त किया गया है। गुना जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कुल मतदाता 9 लाख 44 हजार 959 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 4 लाख 89 हजार 346 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 55 हजार 380 तथा थर्ड जेण्डर 16 शामिल है। इनमें सबसे अधिक मतदाता विधानसभा चांचौड़ा में 2 लाख 39 हजार 450 तथा सबसे कम मतदाता विधानसभा बमोरी में 2 लाख 27 हजार 959 हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 17 हजार 294 तथा महिला मतदाता 1 लाख 10 हजार 639, थर्ड जेण्डर 0 एवं सर्विस वोटर 26 सहित कुल मतदाता 2 लाख 27 हजार 959, विधानसभा क्षेत्र 29-गुना (एससी) अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 22 हजार 826, महिला मतदाता 1 लाख 15 हजार 852, थर्ड जेण्डर 09 एवं सर्विस वोटर 118 सहित कुल मतदाता 2 लाख 38 हजार 805, विधानसभा क्षेत्र 30-चांचौड़ा अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 25 हजार 037, महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 367, थर्ड जेण्डर 04, सर्विस वोटर 42 सहित कुल मतदाता 2 लाख 39 हजार 450 तथा विधानसभा क्षेत्र 31-राघौगढ़ अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 24 हजार 189, महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 522, थर्ड जेण्डर 03, सर्विस वोटर 31 सहित कुल मतदाता 2 लाख 38 हजार 745 मतदाता हैं। जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता कुल 10,256 हैं, जिसमें 28-बमोरी में 2610, 29-गुना में 2101, 30-चांचौड़ा में 3006 एवं 31-राघौगढ़ में 2539 मतदाता हैं। इसी प्रकार दिव्यांग मतदाता कुल 8247 हैं, जिसमें 28-बमोरी में 2113, 29-गुना में 1505, 30-चांचौड़ा में 2816 एवं 31-राघौगढ़ में 1813 मतदाता हैं।

## पीले फूल देकर मतदान के लिए किया 'जागरूक', जेसीआई का वादा 10% डिस्काउंट दिया जाएगा



**प्रशासन के कदम से कदम मिलाकर सामाजिक संस्थाएं भी जुटीं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां सरकारी तौर पर नवाचार किये जा रहे हैं तो वहीं समाज सेवी संगठन और संस्थाएं भी इसके लिए आगे आ गए हैं । जेसीआई ने जहां अपने सदस्य दुकानदारों के माध्यम से 10% डिस्काउंट देने की घोषणा की है तो वहीं राष्ट्रवादी संघ भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास रत है ।उधर जागरूक ग्रुप के सदस्य पीले चावल और पीले फूल देकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।आपका एक एक वोट इस लोकतंत्र के लिए आवश्यक है ये न समझें कि आपके एक वोट करने से क्या होगा एक वोट का अंतर जीत को हार में बदल देता है इसलिए वोट आवश्यक रूप से करें ।

### सुबह जल्दी उठकर जाएं मतदान करने

जागरूक ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न इलाकों में घूमकर 7 मई को 7 बजे मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने की अपील आमजन से की । इस दौरान ऐसे मतदाताओं को खासकर प्रेरित किया जो छोटे व्यापारी है या मतदान करने को उतना महत्व नहीं देते उन्हे पीले चावल देकर और पीले फूल भेंट कर जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान उनसे यह अपील की गई की सुबह जल्दी उठकर मतदान केंद्र पहुंचे मतदान करे अपने परिवार अपने आसपड़ोस मित्र जनों सगे संबंधियों को वोट करने के लिए कहें ।

### भीषण गर्मी और नीरसता न बने बाधा

राष्ट्रवादी संघ ने कहा कि देखने में आया है, कि भीषण गर्मी और नीरसता के चलते बड़ी संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं। जिसके चलते निर्वाचन प्रभावित होता है, ऐसे में राष्ट्रवादी संघ की ओर से निरंतर प्रयास किया जाकर लोगों को आगामी 7 मई को होने वाले निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने आस पास के सभी मतदाताओं का बढ़ चढ़कर मतदान कराने का प्रयास किया जा रहा है। और इस हेतु सभी मतदाताओं से अपील की जा रही है, ताकि इस लोकतंत्र के पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और सफलता के साथ संपन्न किया जा सके। और देश को एक मजबूत राष्ट्रवादी नेतृत्व मिल सके।

### मतदान चिन्ह दिखाने वाले को दिया जाएगा डिस्काउंट

सामाजिक संस्था जेसीआई गुना सेंट्रल द्वारा अपने सदस्यों सहित आम नागरिकों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई। जिसमें संस्था सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, संस्था अध्यक्ष जैसी सुमित अग्रवाल ने बताया की अधिक से अधिक मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था के दुकानदार सदस्यों द्वारा 7 मई को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर मतदान चिन्ह दिखाने पर 10% तक का डिस्काउंट मतदाताओं को दिया जाएगा अंत में सभी का आभार संस्था सचिव जैसी गौरव गर्ग द्वारा दिया गया।

## चारों विधानसभाओं के मतदान दलों के लिए सामग्री का वितरण आज किया जाएगा

# पीजी कॉलेज गुना, पोलीटेक्निक राघौगढ़ से बंटेगी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों के लिए सामग्री का वितरण सोमवार को गुना संसदीय क्षेत्र की विधानसभा गुना एवं बमोरी के लिए शासकीय पीजी कॉलेज गुना एवं राजगढ़ संसदीय क्षेत्र की विधानसभा चांचौड़ा एवं राघौगढ़ के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक राघौगढ़ से किया जाएगा। सामग्री वितरण स्थल पर मतदान केंद्रवार चारों विधानसभाओं के टेबल, कुर्सियां लगाई गईं हैं तथा दलों को मतदान सामग्री टेबल पर ही उपलब्ध कराई जाएगी ।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 04-गुना के विधानसभा क्षेत्र 028-बमोरी के लिये मतदान सामग्री वितरण शासकीय पीजी कॉलेज गुना से किया जायेगा । विधानसभा 028-बमोरी के लिये मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था इस प्रकार हैं- प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 13 से मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 20 तक, कक्ष क्रमांक 14 से मतदान केन्द्र क्रमांक 21 से 40 तक, कक्ष क्रमांक 15 से मतदान केन्द्र क्रमांक 41 से 60 तक, कक्ष क्रमांक 17 से मतदान केन्द्र क्रमांक 61 से 90 तक, कक्ष क्रमांक 18 से मतदान केन्द्र क्रमांक 91 से 110 तक, कक्ष क्रमांक 19 से मतदान केन्द्र क्रमांक 111 से 130 तक, कक्ष क्रमांक 20 से मतदान केन्द्र क्रमांक 131 से 150 तक, कक्ष क्रमांक 21 से मतदान केन्द्र क्रमांक 151 से 170 तक एवं ब्लॉक-सी प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक एल 5 मतदान केन्द्र क्रमांक 171 से 190, कक्ष क्रमांक एल 4 से मतदान केन्द्र क्रमांक 191 से 210 तक, कक्ष क्रमांक एल 3 से मतदान केन्द्र क्रमांक 211 से 230 तक, ब्लॉक-सी (भूतल पर) कक्ष क्रमांक एल 2 से मतदान केन्द्र क्रमांक 231 से 250 तक एवं कक्ष क्रमांक एल 1 से मतदान केन्द्र क्रमांक 251 से 277 तक मतदान सामग्री वितरण कार्य किया जावेगा ।

विधानसभा 029-गुना के लिये सामग्री वितरण व्यवस्था इस प्रकार हैं- मतदान दल प्रबेश बी –ब्लॉक भूतल से कक्ष क्रमांक 01 से मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 20 तक, कक्ष क्रमांक 02 से मतदान केन्द्र क्रमांक 21 से 40 तक, कक्ष क्रमांक 03 से मतदान केन्द्र क्रमांक 41 से 60 तक एवं मतदान दल प्रबेश बी – ब्लॉक प्रथम तल से कक्ष क्रमांक 04 से मतदान केन्द्र क्रमांक 61 से 80 तक, कक्ष क्रमांक 05 से मतदान केन्द्र क्रमांक 81 से 100 एवं 98क, कक्ष क्रमांक 06 से मतदान केन्द्र क्रमांक 101 से 120 तक, कक्ष क्रमांक 07 से मतदान केन्द्र क्रमांक 121 से 140 तक, कक्ष क्रमांक 08 से मतदान केन्द्र क्रमांक 141 से 160 एवं 143क, 149 क, कक्ष क्रमांक 09 से मतदान केन्द्र क्रमांक 161 से 180 तक 161क, मतदान केंद्र 181 से 264 मतदान केंद्र का वितरण बी-ब्लॉक के पिछले हिस्से में पांडाल में किया जावेगा सेक्टर अधिकारी, रिजर्व दल, माइक्रोऑब्जर्वर बी-ब्लॉक के पीछे ग्राउंड में बैठेंगे । विधानसभा 030-चांचौडा.के लिये सामग्री वितरण व्यवस्था इस प्रकार हैं-

मेनगेट के पास मतदान केन्द्र क्रमांक 01 से 80, कक्ष क्रमांक 01 से मतदान केन्द्र क्रमांक 81 से 95 तक, कक्ष क्रमांक 02 से मतदान क्रमांक केन्द्र 96 से 110 तक, बरामदा 1 से मतदान केन्द्र क्रमांक 111 से 140 तक, कक्ष क्रमांक 03 से मतदान केन्द्र क्रमांक 141 से 170 तक, कक्ष क्रमांक 04 से मतदान केन्द्र क्रमांक 171 से 180 तक, कक्ष क्रमांक 05 से मतदान केन्द्र क्रमांक 181 से 190 तक, बरामदा 2 से मतदान केन्द्र क्रमांक 191 से 220 तक, कक्ष क्रमांक 06 से मतदान केन्द्र क्रमांक 221 से 240 तक, बरामदा 3 से मतदान केन्द्र क्रमांक 241 से 265 तक एवं कक्ष क्रमांक 07 से मतदान केन्द्र क्रमांक 266 से 282 तक मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा ।

### दोनों तरफ रोड खुदा होने से हो रही हैं दुर्घटनाएं

**गुना।** मारुति शो रूम से चिंताहरण मंदिर तक ए बी रोड को दोनों ओर से खोद दिया गया है। जिसके कारण आये दिन हादसे हो रहे हैं। रोड सकरी होने से शाम को जाम लगना आम बात हो गई है, कभी दोपहिया वाहनों के फिसलने की घटनाएं होती हैं, कभी वाहनों के टायर पंचर हो रहे हैं और कभी बड़े वाहन सकरी रोड के चलते गहरी खंदक में गिरकर दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ जिला गुना के सचिव अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि गुना कलेक्टर द्वारा इंजीनियर और ठेकेदार को स्पष्ट लताड़ देने के बाबजूद ठेकेदार और इंजीनियर सुधरने का नाम नहीं ले रहे। प्रशासन का सुप्त रवैया शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। रोड खुदाई के चलते जिनका भी नुकसान हो रहा है उन्हें ठेकेदार के विरुद्ध केस दर्ज कर देना चाहिए और मुआवजे का दावा ठोक देना चाहिए। आज सुबह फिर एक बड़ा हादसा होते होते टल गया, जब एक लोडेड ट्रक सकरी रोड के चलते गहरी खंदक में पलट गया। गनीमत यह थी कि उस समय ट्राफिक अधिक नहीं था अन्यथा एक बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था। प्रशासन को इस दिशा में तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए।

## ग्राम जूनापानी में एलइडी टीवी के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुने प्रवचन

# मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही है: संत रामपाल महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा



रविवार को जिले की चाचौड़ा तहसील के ग्राम जूनापानी में एकदिवसीय सत्संग का आयोजन हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एलइडी टीवी के माध्यम से महाराज जी के आध्यात्मिक तत्वज्ञान को सुना। धर्म और आध्यात्मिकता के प्रति उनकी अद्भुत शिक्षाओं के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज जी ने जन- जन को आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया। सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने भगवान की प्राप्ति के मार्ग का विवरण दिया और आध्यात्मिक ज्ञान को साझा किया और बताया कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही है। सत्संग को सुनने आए लोगों में आत्मात्मिक सुधार की इच्छा और आध्यात्मिक उत्थान की भावना देखी गई। आज के इस आधुनिक युग में मानव का जीवन माया के चक्कर में इतना लिप्त हो गया है कि सही और गलत की दिशा भूल चुका है और इस दिशा को सही कैसे करें यह सत्संगों के माध्यम से बताया जाता है कि मानव जीवन अनमोल है। संत रामपाल महाराज ने सत्संग के द्वारा मानव समाज में फैली बुराइयों जैसे नशाखोरी, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या एवं रिश्वतखोरी आदि को दूर कर एक स्वच्छ समाज का निर्माण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को मिटाने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए सत्संग रूपी अमृतमय वाणी के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया। सत्संग में उपस्थित सेवादार करण दास, मुकेश दास, गणपत दास, लखन दास, जगदीश दास सेवादार मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### मतदाता जागरूकता रैली व पीले चावल वितरित कर मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 07 मई 2024 को होना है।इसी क्रम में प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के निर्देशानुसार शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रूपाली रावत के मार्गदर्शन में 7 मई 2024 को होने वाले लोकसभा मतदान के लिए छात्राओं एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों के सहयोग से गुना नगर वार्ड क्रमांक 24 में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें शारदा धाकड़ एवं पूजा धाकड़ ने मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर मतदान अनिवार्य रूप से करने लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. प्रीति यादव, डॉ. पूनम पारीक, कीर्ति सोनी, सोनू सिसोदिया, डॉ. दिवाकर तिवारी, प्रशांत आर्य मिथुन धाकड़ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं और इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।




### ग्राम पड़रयाई में रंगोली, मानव श्रृंखला मतदान शपथ व घर-घर पीले चावल वितरित कर मतदान के लिए किया प्रेरित

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 07 मई 2024 को होना है। इसी क्रम में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन गुना अन्तर्गत विकासखंड आरोन के ग्राम पड़रयाई में विकास खंड प्रबंधक सत्येंद्र रघुवंशी, स. वि. ख. प्रबंधक मुकेश रघुवंशी एवं टीम के मार्गदर्शन में स्व-सहायता समूहों की दीदीयों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिये बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। जिसमें दीदीयो द्वारा रंगोली, मानव श्रृंखला, शपथ एवं घर-घर पीले चावल से ग्रामीणजनों एवं दीदीयों को मतदान के लिए आमंत्रण दिया गया साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत दीदियों को दिनांक 07 मई 2024 को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।



## सीएचसी, पीएचसी, जिला चिकित्सालय में मतदानकर्मियों के लिए रखे जाएंगे बेड रिजर्व

### चिकित्सा व्यवस्था के लिए किए गए पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मतदान दलों के लिए मेडिकल व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड पर 3 सेक्टर मोबाईल मेडिकल यूनिट तैनात रहेंगी जो कि अपने रूट पर मूवमेंट करती रहेंगी। इसी के साथ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 5 बेड, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 2 बेड निर्वाचन के दौरान आपात स्थिति के लिए तैयार रखने के निर्देश दिये गये हैं। सभी बेडों पर मॉनिटर, ऑक्सीजन, इमरजेंसी मेडिसिन उपलब्ध रहेंगी। ज्ञात है कि मतदान दलों के लिए सामग्री का वितरण विधानसभा गुना एवं बमोरी के लिए शासकीय पीजी कॉलेज गुना तथा राघौगढ एवं चांचौड़ा के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ से किया जायेगा। चारों विधानसभाओं की सामग्री वापसी पीजी कॉलेज गुना में होगी। किसी भी आपात स्थिति में मतदानकर्मियों एवं निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों के त्वरित प्राथमिक उपचार के लिए दो बेड पीजी कॉलेज प्राचार्य कक्ष में, दो बेड पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ में, 5 बेड गेल हॉस्पिटल में, 5 बेड जिला चिकित्सालय गुना में सीपीआर, इमरजेंसी किट, मेडिसिन, ऑक्सीजन सहित तैयार किये गये हैं। इसके साथ ही दो एंबुलेंस 108 पीजी कॉलेज गुना एवं दो एंबुलेंस 108 पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ में सामग्री वितरण प्रारंभ समय से सामग्री वापसी तक अलर्ट मोड पर तैनात रहेंगी। कुल 34 एंबुलेंस 108, उक्त दिवस अलर्ट पर रहेंगी।

उन्होंने बताया कि सभी सेक्टर ऑफिसर को 110 मेडिकल किट, पुलिस बल को 330 मेडिकल किट, सेक्टर मजिस्ट्रेट को 33, सहायक व्यय प्रेक्षकों को 6, एफएसटी दलों को 20 एवं बीईएल के इंजीनियर को 8 मेडिकल किट वितरित की गई हैं एवं मतदान दलों को रिजर्व सहित 1120 मेडिकल किट निर्वाचन सामग्री के साथ दी जाएंगी, साथ ही मतदान दलों के परिवहन के लिए लगाये गये वाहनों में भी मेडिकल किट रखी जाएंगी।

बमोरी के लिए 84, गुना के लिए 45, चांचौड़ा के लिए 66, राघौगढ़ के लिए 92 कुल 297 मेडिकल किट वाहनों में रखी जाएंगी।

## मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों की शंकाओं का किया समाधान

### महिला बूथ व दिव्यांग बूथ से संबंधित मतदान दलों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 7 मई 2024 को प्रातः 7:00 बजे सांय 6:00 बजे तक मतदान होना है, इसके लिए मतदान के लिए मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण जारी हैं। इसी क्रम में प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक को विशेष प्रशिक्षण दिया गया एवं इस दौरान उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। जिले में आदर्श मतदान केन्द्र, महिला बूथ एवं दिव्यांग बूथ भी बनाये गये हैं, उनसे संबंधित मतदान दल एवं कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मतदान दिवस के पूर्व, मतदान दिवस एवं मतदान के पश्चात होने वाली सावधानियां, प्रपत्र, मॉकपोल प्रक्रिय, सामग्री वितरण स्थल, सामग्री वापसी स्थल, आदर्श आचार संहिता का पालन आदि से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। आज इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विशाल सिंह द्वारा प्रशिक्षण कक्ष में जाकर मॉनिटरिंग की और मतदान दलों का उत्साहवर्धन किया और शंकाओं का समाधान किया गया।

### मुस्लिम समुदाय द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 07 मई को होना है।इसी क्रम में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई एवं 07 मई को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई।

### आवदा थाना क्षेत्र में चंद्रपुरा तलावड़ा रोड पर हुआ हादसा

## ससुराल जा रहे दामाद की रास्ते में संदिग्ध हालत में मौत, एक्सीडेंट का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर



ससुराल में जा रहे एक दामाद की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। दामाद का शव तलावडा चंद्रपुरा रोड पर तलावड़ा के नजदीक पड़ा मिला है। उसकी मौत एक्सीडेंट से होने का अंदेशा है। लेकिन एक्सीडेंट किसने किया, इसका फिलहाल कोई अता पता नहीं है। आवदा थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज कर शव परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पहेला निवासी भरत 30 वर्ष पुत्र सुरतिया जाटव शनिवार को किसी काम से सवाईमाधोपुर गया था। जहां से वह लौटकर अपनी ससुराल तलावडा जा रहा था। क्योंकि ससुराल में कोई शादी समारोह था,जिसमें उसे शामिल होना था। शनिवार की शाम को उसने सवाईमाधोपुर से श्योपुर पहुंचकर अपने सालों के पास फोन कर दिया था कि मै श्योपुर पहुंच गया हूं और थोडी देर बाद बस से चंद्रपुरा पहुंचकर उतर जाऊंगा और वहां से फोन कर दूंगा तो मुझे लेने के लिए किसी को भेज देना। इसके बाद शनिवार की देर शाम को भरत जाटव का शव तलावड़ा चंद्रपुरा रोड पर पडा मिला। जिसकी सूचना मिलने पर उसके ससुराल पक्ष के लोग और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात पता चली कि उसकी मौत एक्सीडेंट के दौरान हुई है। उसके ऊपर से कोई बड़े चार पहिया वाहन का पहिया गुजरा है। लेकिन वह वाहन कौन सा था और उस वाहन से उसका किस तरह एक्सीडेंट हो गया,इसका फिलहाल कोई अता पता नहीं है। आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर उसका पता किया जा रहा है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### डेक बजाने की बात पर विवाद, पिता पुत्र समेत तीन घायल

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम थाक का पुरा में बीती शाम को डेक बजाने की बात को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक पक्ष के लोगो ने दूसरे पक्ष के लोगो की लाठियों से मारपीट कर दी, जिससे पिता पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि शनिवार की शाम को यह हुए इस विवाद के दौरान मान सिंह कुशवार घायल हो गया। मानसिंह के साथही उसका बेटा मोनू कुशवाह और बेटी भी घायल हो गई। तीनों लोगो को इलाज के लिए विजयपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस मामले में विजयपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## कबूल है कहकर 31 जोड़े बने एक दूसरे के हमसफर, इज्तिमाई शादी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर



शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी और उनके टीम ने मोती कुंज मैरिज गार्डन में रविवार की सुबह कई निकाह पढ़ाकर जीवन साथी बनाया। निकाह के दौरान सुखद नजारा तब देखने को मिला जब निकाह पढ़ने वाले काजी ने दो गवाह और एक वकील के सामने दूल्हे से पूछा की क्या तुम्हें संबंधित दुल्हन से निकाह कबूल है? दूल्हे के कबूलनामे के बाद दुल्हन से रजामंदी मिलते ही शादी संपन्न हो गई। ना ढोल ना बाजा और ना आतिशबाजी साधारण तरीके से संपन्न हुई शादी में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

दो दिन चले इस प्रोग्राम में श्योपुर सहित शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, सवाईमाधोपुर, बारां मांगरोल इत्यादि शहरों से भी जोड़े शामिल हुए। शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में मोती कुंज मैरिज गार्डन में सुबह 10 बजे से शुरू हुई निकाह के रस्म दोपहर 12 बजे तक पूरी कर ली गई। उधर जमातखाना मैरिज गार्डन में शादी में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए खाने का इंतजाम किया गया था, जो सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे विदाई के बाद तक चला। इस दौरान करीब 7 हजार लोगों ने भोजन किया। इसके पूर्व शनिवार को मोतीकुंज मैरिज गार्डन में शहर काज़ी अतीक उल्लाह कुरेशी एवं उनकी टीम ने 9 जोड़ों के निकाह पढ़ाए।

इज्तिमाई शादी कमेटी के सदर बरकत खान ने बताया कि हुसैनी कमेटी के माध्यम से 5 मई को आयोजित होने वाले शादी समारोह में 31 जोड़ों के पंजीयन हुए थे उन्हें 1 मई को जमातखाना से उपहार में दिए जाने वाले डबल बेड, अलमारी, कूलर, गृहस्थी का सभी सामान गहने आदी वितरण कर दिया गया है। 4 मई की शाम मोती कुंज मैरिज गार्डन में 9 जोड़ों के निकाह पढ़ाए गए। 5 मई को इज्तिमाई शादी में 22 जोड़ों के निकाह मोतीकुंज मैरिज गार्डन में पढ़वाए गए जबकि शादी में आए मेहमानों के लिए दावत का इंतजाम जमातखाना परिसर में किया गया। कमेटी के संरक्षक एड जमील कुरेशी, वक्फ इंतजामिया कमेटी के सदर इंसाफ कुरैशी, हुसैनी कमेटी के उपाध्यक्ष सलीम खान सेक्रेटरी असगर अली, सह सेक्रेटरी सैयद हामिद अली नकवी, कोषाध्यक्ष निसार अहमद, एड जाहिद हाशमी आदि ने आयोजन को सफल बनाने पर मुस्लिम समाज का आभार जताया है।

### स्वीप प्लान के तहत दिनभर चला जागरूकता अभियान

शादी समारोह में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर स्वीप प्लान के तहत वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना एवं इज्तिमाई शादी समारोह समिति हुसैनी कमेटी ने मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान भी दिनभर चलाया। मतदाताओं से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान केंद्र तक जाकर वोट डालने का उद्घोष करते रहे।

### छात्रसंघ चुनाव का कॉलेज के विद्यार्थी कर रहे इंतजार

# कॉलेज में सात साल से नहीं हुआ छात्रसंघ चुनाव, दब रही विद्यार्थियों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर




कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी सात साल से छात्रसंघ चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चुनाव न होने की वजह से कॉलेजों में विद्यार्थियों की समस्या पुरजोर तरीके से उठ नहीं पा रही है। विद्यार्थी अपनी मांग भी कॉलेज प्रबंधन के सामने नहीं रख पा रहे हैं। दूसरी तरफ उच्च शिक्षा विभाग हर वर्ष अपने शैक्षणिक कैलेंडर में अक्टूबर माह में चुनाव कराने का जिक्र करता है, लेकिन इसे लागू नहीं कर पा रहा है। इस बार छात्र संगठन चुनाव को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं और ऐसा न होने पर आंदोलन की भी रणनीति तैयार किए हुए बैठा है।

बता दें कि उच्च शिक्षा विभाग ने अंतिम बार वर्ष 2017-18 में अप्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराए थे। इसके बाद चुनाव नहीं हुए। दूसरी तरफ मध्यप्रदेश में सात साल के बाद इस बार छात्र संघ के चुनाव की पूरी संभावना जताई जा रही है। बताया जाता है कि उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 की गाइडलाइन तैयार कर दी है। इस बार चुनाव की संभावना इसलिए है, क्योंकि वर्तमान मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए प्रस्ताव तैयार कराया था और मुख्यमंत्री को भेजा था। इस बार वे खुद मुख्यमंत्री हैं, इसलिए लोकसभा चुनाव के बाद छात्रसंघ के चुनाव होने की पूरी संभावनाएं दिख रही हैं।

### प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव के पक्षधर

पिछली बार उच्च शिक्षा विभाग ने निजी और सरकारी कॉलेज में अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराए थे। इसे न तो छात्र संगठन ने माना और न ही तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री ने इसका समर्थन किया। उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने को लेकर सरकार को पत्र भी लिखा था। इस संबंध में वे तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा भी कर चुके थे, लेकिन कोई फैसला नहीं हो पाया। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में कॉलेज का कोई भी छात्र छात्रसंघ का चुनाव लड़ सकता है। इस चुनाव में कॉलेज के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदों के चुनाव होते हैं।

### चुनाव न कराने की वजह

छात्रसंघ चुनाव में मारपीट और उपद्रव की आशंका अधिक होती है। संभवतः इसी वजह से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बंद कर दिए गए। कई सालों से प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ के चुनाव बंद हैं और इससे राजनीतिक संगठनों के युवा नेता तैयार नहीं हो पा रहे हैं। इन्हीं सभी बातों को देखकर इस बार प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की योजना राज्य सरकार बना रही है।

### इनका कहना...

कॉलेज में छात्र नेताओं का होना जरूरी है। छात्र संघ चुनाव होने से छात्र नेता चुनकर आते हैं। इसी माध्यम से आगे चलकर देश को एक सशक्त नेता मिलता है। चुनावों से देश की राजनीति को फायदा होगा। पिछले साल अभाविप ने छात्र संघ कराए जाने की मांग उठाई थी। मप्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा इस संबंध में आश्वासन भी दिया गया है। इसलिए इस साल चुनाव होने की उम्मीद है। यदि चुनाव नहीं हुए तो अभाविप एक बार फिर छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग पूरे प्रदेश मे उठाएंगी।

**आशुतोष मित्तल**
**जिला संयोजक अभाविप,श्योपुर**

एनएसयूआई छात्र संघ के चुनाव कराने के लिए लंबे समय से आंदोलनरत है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जब उच्च शिक्षा मंत्री थे तब भी इन्होंने चुनाव कराने के बारे में नहीं सोचा, विधान सभा चुनाव से पहले इन्होंने कहा था कि हम जितने के बाद पहला काम छात्र संघ के चुनाव कराने का करेंगे लेकिन वह जीत के चुप बैठ गए, सत्र समाप्त हो गया और नया सत्र भी शुरू हो गया है छात्र संगठन के चुनाव कराने के लिए एनएसयूआई प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगी

**प्रदीप जाट**
**जिलाअध्यक्ष एनएसयूआई श्योपुर**

## सड़क हादसे में घायल पुजारी के बेटे की इलाज के दौरान कोटा में मौत

### पूर्व विधायक ने हादसे में घायल युवक को पहुंचाया था अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर



देहात थानांतर्गत श्योपुर-शिवपुरी हाईवे पर कलमी ककरदा के पास शनिवार को सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए पनवाड़ा माता मंदिर पुजारी के बेटे हरीश शर्मा की राजस्थान के कोटा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दे कि हरीश पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी पनवाडा शनिवार को बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था,तभी कलमी ककरधा के पास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में हरीश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे वहां से गुजर रहे पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया था। गंभीर हालत होने के कारण हरीश को कोटा के लिए रैफर कर दिया गया था। जहां रात्रि के दौरान उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि घायल युवक की मौत कोटा में इलाज के दौरान हुई है। देहात थाने की पुलिस टीम ने कोटा पहुंचकर उसका पीएम करवाया गया। मर्ग दर्ज कर यह हादसा कैसे घटित हुआ, इसकी जांच की जाएगी।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए बीड़ी नं. 72 परिवार ने की अनूठी पहल


# 72 लोगों को मिलेंगे उपहार, जिन केंद्रों में 85 प्रतिशत होगा मतदान उन बीएलओ को भी करेंगे सम्मानित

## मिशन मतदान शक्ति 2.0 की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यू तो शिवपुरी में जिला प्रशासन से लेकर कई संगठन अपने अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। लेकिन शिवपुरी में वरिष्ठ समाज सेवी बीड़ी नं. 72 परिवार की ओर से एक अनूठी पहल की गई है। आपको बतादें के 72 परिवार की ओर से शहर में समाज सेवा से लेकर धार्मिक और सेवा भाव के कई काम किए जाते हैं। साथ ही मौका मिलने पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर भी यह परिवार काम करता है। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव में भी 72 परिवार की और से मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान करने व शहर में विकास करने के लिए प्रतिनिधियों से स्टांप पेपर पर लिखवाकर लिया गया था। जिसे मतदान शक्ति अभियान का नाम दिया गया था। वहीं अब मतदान शक्ति 2.0 की शुरुआत की है। जिसमें मतदाताओं के साथ 85 प्रतिशत मतदान करवाने वाले बीएलओ को भी सम्मान कर उपहार दिया जाएगा।

शिवपुरी में अब लोकसभा के चुनाव में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बीड़ी न. 72 परिवार के संचालक त्रिलोक चन्द्र अग्रवाल (बल्लू भैया) द्वारा मिशन मतदान शक्ति 2.0 के रूप में गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के नगरीय मतदाताओं के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से अनूठी पहल की गई है, जिससे वह अपने मतदान का महत्व समझ सकें और अपने मत का प्रयोग कर सकें। इसके लिए आने वाली 7 मई को घर से निकलकर अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का प्रयोग करना है। इसके बाद चुनाव संपन्न होने के बाद शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के नगरीय मतदाताओं की एक लिस्ट बनाई जाएगी, जिसे कम्प्यूटर में नोट कर रखा जाएगा।



## सार्वजनिक रूप से 72 लक्की ड्रा नंबर निकाले जाएंगे

इसके बाद मतदान तिथि के पश्चात शहर के चौक-चौराहे पर सार्वजनिक रूप से 72 लक्की ड्रा नम्बर निकाले जाएंगे। उन्हें उपहार में पुरस्कार स्वरूप प्रथम मतदाता को 165 ली. का फ्रिज, द्वितीय पुरस्कार 32 इंच टीवी एलईडी, तृतीय पुरस्कार वॉशिंग मशीन 7 किलो, चतुर्थ पुरस्कार स्मार्ट फोन मोबाइल, पांचवां पुरस्कार कूलर 60 लीटर इसके साथ ही 6वें से लेकर 12वें पुरस्कारों तक हरेक लकी ड्रा मतदाता को उपहार स्वरूप सीलिंग फैन एवं 13 से लेकर 72वें मतदाता को एक-एक प्रेस मशीन उपहार के रूप में दी जाएगी। इसके अलावा जिन मतदान केन्द्रों पर 85 प्रतिशत से अधिक मतदान होगा उन मतदान केन्द्र के बीएलओ को भी सम्मान कर उपहार दिया जाएगा।

### प्रेरित करते हैं...

विधानसभा हो या लोकसभा हरेक चुनाव में हरेक मतदाता को अपने मत का प्रयोग करने का उसका मौलिक अधिकार है। हम प्रयास करते हैं कि मतदाता को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए उसे प्रेरित किया जाए। इसी क्रम में बीड़ी नं.72 परिवार द्वारा विधानसभा चुनावों के बाद मिशन मतदान शक्ति 2.0 के रूप में शत-प्रतिशत मतदान के लिए 72 लकी ड्रा कूपन निकाले जाएंगे।

**वरिष्ठ समाज सेवी त्रिलोकचन्द्र अग्रवाल (बल्लू भैया)**




# सीएम ने कांग्रेस पर तो जीतू ने भाजपा पर बोला हमला

**प्रचार प्रसार के अंतिम दिन दोनों पार्टियों के दिग्गजों ने झोंकी**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार के अंतिम दिन रविवार की दोपहर को हाई प्रोफाइल गुना लोकसभा सीट पर दोनों ही पार्टियों ने ताकत झोंकी। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिधिया के समर्थन में मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव ने मुगावली में सभा ली। दोनो सभाओं मे तीखे तीर चले। कांग्रेस ने भाजपा को निशाना बनाया और भाजपा ने कांग्रेस को। दोनों दल हमले करना नही भूले।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अशोकनगर मे एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मे जहां जहां से भी आया हूं वहां लोगों का मुझे प्यार और दुलार मिला है सवाल यह है कि देश के गृहमंत्री अमितशाह से लेकर शिवराज सिंह चौहान और 12-12 मंत्रियों को यहां मौजूद रहना पड़ रहा है। महारानी घूम रही है। कुंवरसाहब गांव गांव पहुंच रहे हैं। लेकिन यह यादवेन्द्र सिंह यादव हैं जो किसी से डरने वाले नहीं हैं। इनके पिता देशराज सिंह यादव जब विधानसभा मे आवाज उठाते थे। तब सब लोग उन्हे सुनते थें। यादवेन्द्र सिंह यादव बहुत बहादुरी के साथ चुनाव लड रहे हैं।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन डॉ मोहन सिंह यादव ने जिले के मुगावली कस्बे मे दोपहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर मे कुछ बोलता हूं तो कांग्रेस के लोग गाली देने लगते हैं। कहते है कौन मोहन यादव हम तो राम कृष्ण की जयजयकार करने वाले हैं। हम तो सौभाग्यशाली लोग हैं उन्होने यादव मतो को रिझाने के लिए कहा कि कांग्रेस ने हमारे सुभाष यादव को सीएम नही बनने दिया। लेकिन यह भाजपा का काल है। यहां यदुवंशी को मुख्यमंत्री बनाया गया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब अमेठी से हारे तो उनके पास एक बस की सवारी बची थी। इस बार कांग्रेस के पास टेम्पो की सवारी रह जाएगी। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले सभी वर्गो ने मिलकर आजादी की लडाई लड़ी एक परिवार ने कुर्सी पकडी तो वह छोड़ने को तैयार नही है। उन्होने कहा कि सिंधिया की राजधानी उज्जैन बनी तो उन्होने सारे मंदिरो बनबा दिया। उज्जैन मे जितने भी मंदिर है। वह सिंधिया वंश के कारण दिखाई दे रहे है। भगवान कृष्ण और कंस के बीच एक ही झगड़ा था। कुर्सी के लिए। इनके लिए कुर्सी ही सबकुछ है। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया भी नजर आए।

## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब का कार से परिवहन करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत पुलिस ने चुनाव के चलते एवं अवैध शराब के स्थान पर अंग्रेजी शराब और देशी शराब पर कार्यवाही शुरू कर दी है। कचनार पुलिस ने एक मारूति डिजायर कार मे शराब के एक हजार क्वार्टर ले जाते हुए। अभयराज राजपूत,नेपाल यादव, राजनित को गिरफतार किया है। इसी तरह चंदेरी पुलिस ने देशी शराब के 100 क्वार्टर और कदवाया पुलिस ने आरोपी ब्रदावन लोधी के पास से 40 क्वार्टर और कदवाया पुलिस ने ही रमेश कुशवाह के पास से 40 क्वार्टर जप्त किए है। चंदेरी पुलिस ने विक्रमपुर निवासी कल्याण कुशवाह के पास से 100 क्वार्टर देशी शराब के जप्त किए है। बहादुरपुर पुलिस ने हीरा बंजारा से देशी शराब के 38 क्वार्टर और धेना बंजारा के पास से 40 क्वार्टर जप्त किए है। इसी तरह देहात पुलिस ने राजकुमार अहिरवार निवासी पूजा कालोनी के पास से 30 लीटर शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुढाटांका निवासी सनमान यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी चंद्रभान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी हेमंत प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी जगदीश ग्वाल ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात महिला की ट्रेन से आई चोटों से मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत एक 55 वर्षीय महिला का शव रेल पटरियो पर पाया गया हैं अशोकनगर हिनोतिया रेल मार्ग पर पोल क्रमांक 1048/1 के पास से पुलिस ने पाइंटमेन मयंक रावत पुत्र महेन्द्र रावत की सूचना पर से मामला दर्ज किया है। पुलिस महिला की शिनाख्त मे जुटी है।

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले की नईसराय पुलिस ने जुए के अडडे पर छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपियो को गिरफतार किया है। जिसमे जितेन्द्र बंटी कैलाश मोनू लखन शिशुपाल पंचू जाटव कल्ला रजक के पास से ताश की गडडी और पांच हजार रुपए बरामद किए हैं।

### महिला ने गले में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत शक्कोबाई पत्नी सुजान आदिवासी 45 साल निवासी माधव नगर चंदेरी ने घोसियो की तलैया की पहाडी के उपर दरगाह के पास स्वंय ने साडी से गले मे फंदा लगा लिया जो इसी स्थिति मे पाई गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, जेल भेजा गया

नईसराय। पुलिस ने शनिवार को बाइक सहित एक चोर को गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि चोर ने उक्त बाइक दो दिन पहले चुराई थी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों नईसराय सहित अशोकनगर क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की कुछ घटनाएं सामने आई थी नई सराय पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में अपना सूचना तंत्र मजबूत किया इसी दौरान सामने आया कि डुंगासरा निवासी बंटी पुत्र मीनू कुशवाहा के पास एक बाइक देखी गई है पुलिस ने बंटी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बाइक दो दिन पहले नई सराय थाना क्षेत्र से ही चुराई है थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है !

## अशोकनगर कोतवाली मे जीतू पटवारी के विरुद्ध इमरती देवी पर अभद्र टिप्पणी करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत शीला जाटव पुत्री रामलाल जाटव उम्र 38 साल निवासी डीसी गैस कालोनी गुना रोड अशोकनगर ने इमरती देवी पर की गई टिप्पणी के विरोध मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ कोतवाली मे एफआईआर दर्ज कराई है। शीला जाटव द्वारा एक लिखित आवेदन सिटी कोतवाली पुलिस को सोपा गया था। यह एफआईआर तब दर्ज हुई है। जब जीतू पटवारी रविवार को अशोकनगर के दौरे पर है। दिए गए आवेदन पर से पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ इमरती देवी के उपर की गई। अभद्र टिप्पणी को लेकर एवं जातिगत अपमान किए जाने के बाद एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जो टिप्पणी इमरती देवी के विरूध की गई थी। उस टिप्पणी मे अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया था। जिसे लेकर यह मामला अशोकनगर कोतवाली मे दर्ज किया गया है।

### कलेक्टर एवं पुलिस प्रेक्षक ने किया मतदान सामग्री वितरण स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन

**अशोकनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय क्षेत्र 04 गुना अंतर्गत अशोकनगर जिले में 7 मई 2024 को मतदान होगा। इस दौरान सोमवार को मतदान दलों वितरित की जाने वाली सामग्री हेतु शासकीय विधि महाविद्यालय मारूप अशोकनगर में बनाये गये मतदान सामग्री वितरण स्थल का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस प्रेक्षक केशव राम चैरसिया ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को अवलोकन किया गया।



## विशाल कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त सोमवार से शुरू होगी श्रीराम कथा




**नईसराय।** तहसील मुख्यालय स्थित झिरिया सरकार धाम मंदिर पर सोमवार से शुरू होने वाली श्री राम कथा की रविवार सुबह 9 बजे से विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो अस्तल मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए यात्रा में महिलाएं एवं लड़कियां अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी इसके साथ ही मंगलगीत गाए जा रही थी पुरुष एवं बच्चे डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे कथावाचक व्यास मनोज शास्त्री भी बग्गी पर सवार थे उनका नगर के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा हाट बाजार,मेंन मार्केट,बस स्टैंड, पावर हाउस, जैन मंदिर गली होते हुए झिरिया सरकार मंदिर पर पहुंची जहां पर कलशो ब रामायण की पूजा अर्चना की गई श्री राम कथा का समय दोपहर 2 से 5 तक रखा गया है समिति द्वारा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में श्री राम कथा का वचन सुनने का आग्रह किया है।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने की अधिक मतदान करने की अपील

**अशोकनगर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शुरू से ही सजग ,जागरूक व साफ स्वक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता की रुचि रखते आये है ,चूंकि उनसे जिले का पूरा शिक्षक समुदाय अच्छे से जुड़ा है,और शिक्षक ही अपनी ड्यूटी देकर इस चुनाव की बेला को सम्पन्न कराता,उन्होंने इस भीषण गर्मी,एवं दो चरणों के गिरते हुए मतदान प्रतिशत की नजाकतता को देखते हुए अपने शिक्षक समुदाय से अपील की है कि बो अपने अपने गाँव गाँव इसव है कुछ सुपर बाइजर है ,तो सब शासन के निर्देशो के पालन के साथ साथ सभी साथी कुछ अपनी तरफ से ऐसे प्रयास करें ताकि मतदान में लोग अधिक से अधिक रुचि रखें जैसे बार्ड बाई बार्ड पीले चावल वितरण करना ,पुष्प भेट करना ,अपने मत की ताकत समझाना ,लोकतांत्रिक संबाद करके मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करें , और स्वम मतदान करें सभी कर्मचारी अपने अपने परिवार जनों को शत प्रतिशत मतदान करना अनिवार्य कहें ताकि एक मजबूत लोकतंत्र स्थापित हो सकें इससे अच्छे जन प्रतिनिधि का चयन होगा ,जो अच्छी समझ के साथ ,राष्ट सेवा ,जन सेवा के भाव से स्वतंत्रता पूर्वक राष्ट निर्माण में सहभागी बन सकेगा ,जय हिन्द जय भारत

## मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेंडमाईजेशन सम्पन्न




**अशोकनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय क्षेत्र 04 गुना अंतर्गत अशोकनगर जिले में 07 मई 2024 को मतदान होगा। मतदान हेतु मतदान दलों एवं माईक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेंडमाईजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में रविवार को एनआईसी कक्ष कलेक्ट्रेट में किया गया। गूगल मीट से सामान्य प्रेक्षक के.कन्ना बाबू जुडे थे। रेंडमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। जिसमें जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3501 मतदान कर्मियों तथा 108 माईक्रो आब्जर्वर का रेंडमाईजेशन किया गया। विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के लिए रिजर्व सहित 1233 मतदानकर्मी,,033 चंदेरी के लिए रिजर्व सहित 1054 मतदानकर्मी तथा 034 मुंगावली के लिए रिजर्व सहित 1214 मतदानकर्मी लगाये हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन, सहायक रिटर्निंग आफिसर, सीनियर डायेक्टर जिला सूचना विज्ञान केन्द्र एसके जैन आदि उपस्थित थे।

### स्ट्रांग रूम के कंट्रोल रूम में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

**अशोकनगर ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 गुना के लिए विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर,033 चंदेरी एवं 034 मुंगावली में 07 मई 2024 को मतदान सम्पन्न होने के उपरांत शासकीय विधि महाविद्यालय मारूप गुना रोड अशोकनगर में स्थापित स्ट्रांग रूम के कंट्रोल रूम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा राजपत्रित अधिकारियों की डयूटी 08 मई 2024 से 04 जून 2024 तक लगाई गई है। जारी आदेशानुसार प्रात 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजेन्द्र प्रजापति सहायक संचालक सामाजिक एवं निरूशक्तजन विभाग एवं विनोद कुमार सिहारे परियोजना समन्वयक बीआरसीसी अशोकनगर,दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक मुकेश रघुवंशी एसएडीओ कृषि विभाग एवं संजय धाकड़ प्रभारी सहायक संचालक मत्स्य विभाग तथा रात्रि 10 बजे से प्रात 6 बजे तक कोमल सिंह मीणा सहायक सांख्यिकी अधिकारी योजना विभाग एवं कौशलेन्द्र मावई परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अशोकनगर की डयूटी लगाई गई है।

## लोकतंत्र के पर्व के रूप में मनाया गया सेन जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

संत शिरोमणि सेन जी महाराज जी की 724 वीं जयंती पर्व सेन समाज विकास संगठन के द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं हर्सोल्लास पूर्वक सुबह 8 बजे सेन जी महाराज चैराहे संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संगठन के प्रांत कार्यकारिणी अध्यक्ष माखनलाल सेन के द्वारा सेन जी महाराज चैराहे पर सेन जी महाराज की प्रतिमा को माल्या पर एवं तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की, तत्पश्चा टी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष लखन लाल जी सेन द्वारा सेन जी महाराज को सोफा बांधा गया, उसके उपरांत भोपाल से पधारे वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वर सेन द्वारा सेन महाराज के जीवन परिचय पर संपूर्ण समाज जनों एवं संगठन पदाधिकारी को अवगत कराया गया, बधाइयों का कार्यक्रम चलता रहा, संगठन प्रवक्ता राम सेवक सेन मंगी सेन समाज के उज्जवल इतिहास से सभी को परिचय कराते हुए आगामी लोकतंत्र के पर्व पर सभी समाज बंधुओ, संगठन पदाधिकारियों को राष्ट्र के लिए सपरिवार मतदान करने की शपथ दिलाई गई। भारत के स्वर्णयुग की कल्पना की। संगठन के जिला अध्यक्ष प्रकाश सेन द्वारा संगठन व समाज को एकजुट व एक सूत्र में रहकर कार्य करने की शिक्षा दी गई, संगठन में ही एकता है ऐसा सूत्र जिला अध्यक्ष ने सभी को दिया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वक्त उपस्थित रहे शलक्ष्मी नारायण सेन, राजेंद्र सेन बबलू, ध्रुव सेन पटवारी, नरेंद्र सेन इंजीनियर, अंकित सेन, अपने विचार सेन जी महाराज के समक्ष प्रकट किया।

**राष्ट्र के लिए सपरिवार मतदान करने की शपथ दिलाई गई। भारत के स्वर्णयुग की कल्पना की**

कार्यक्रम का संचालन सेन समाज विकास संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सेन ने किया। कार्यक्रम का आभार प्रकट जिला महामंत्री नवीन सेन ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारी रहे वरिष्ठ समाजसेवी मुन्नालाल नेताजी, बलिराम सेन सिहोरा, मुकेश जी सेन डंगोरा, राजू सेन कशीदाकारी, गुड्डा सेन पगरानी, धर्मेंद्र सेन बर्रा, लखन सेन जलेश्वर, भूरा सेन, रामकृष्ण सेन सावन, मनोज सेन बर्रा, विष्णु प्रसाद सेन, पप्पू सेन, रामकृष्ण भगत , सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे एवं एक दूसरे को बधाइयां दी, साथ ही रविवार को सेन जयंती पर्व के उपलक्ष में सांय 6 बजे से अन्नकूट का आयोजन भी सेन समाज अशोक नगर द्वारा सेन जी महाराज चौराहे पर रखा गया।

## रैली निकालकर मतदान करने का दिया संदेश




**अशोकनगर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्काउट गाईड दल द्वारा जिला मुख्यालय अशोकनगर के गांधी पार्क से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर 7 मई को मतदान करने की अपील की गई।

### ग्राम पंचायत मोहरी राय में चौपाल लगाकर मतदाताओं से की मतदान करने की अपील

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत मोहरी राय में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एन.एस.नरवरिया की उपस्थिति में चैपाल लगाकर मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया । इस दौरान मतदाताओं से कहा बिना किसी भय के मतदाता स्वतंत्र रूप से 07 मई 2024 को मतदान करे।

## मतदाताओं के घर-घर जाकर दिया जा रहा मतदान का संदेश

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में सम्पूर्ण जिले में मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर पीले चावल एवं आमंत्रण देकर 07 मई 2024 को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है।



### 18 लाख 75 हजार 211 मतदाता कर सकेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

# ब्यावरा पीजी कॉलेज व राजगढ़ में स्टेडियम से आज बंटेगी सामग्री, मतदान दल होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

तृतीय चरण के लिए 7 मई को संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में होने जा रहे चुनावों के लिए रविवार शाम प्रचार का शोरगुल थम गया। चुनावों के लिए आज मुख्यालय स्थित स्टेडियम परिसर से सभी विधानसभाओं के लिए सामग्री का वितरण कर दलों को उनके मतदान केद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। सामग्री वितरण के लिए प्रशासनिक स्तर पर विधानसभावार तैयारियां की गई हैं। सभी मतदान दलों को आज प्रातः ही बुलवा लिया गया है ताकि व्यवस्थित रूप से दलों को सामग्री का वितरण करवा दिया जाए।

कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी हर्ष दीक्षित संपूर्ण तैयारियों की मॉनिटरिंग में लगे हैं वहीं अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सहित सभी अनुभागों के एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। दोपहर एवं अपरान्ह तक सभी दल अपने-अपने केद्रों पर पहुंच जाएंगे। केद्रों पर पूर्व से सभी माकूल इंतेजामात प्रशासन एवं निवार्चन विभाग द्वारा करवा दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, सचिवों, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, कोटवारों, चौकीदारों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि मतदान दलों को किसी तरह की परेषानियों का सामना न करना पड़े।

#### 18 लाख 75 हजार मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में इस बार कुल 18 लाख 75 हजार 211 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9 लाख 62 हजार 864 एवं महिला मतदाताओं की संख्या लाख 12 हजसा 325 है वहीं मतदान केंद्रों की संख्या 2240 है।

#### मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की गई नई पहल

लोकसभा चुनावों में आधिकाधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए जिला निवार्चन द्वारा नई पहल की गई है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने बताया कि पूरा प्रयास किया जा रहा है कि सर्वाधिक मतदान अपने यहां हो। इसीलिए विधानसभा चुनावों में जहां कम मतदान हुआ है वहां ज्यादा फोकस करते हुए स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई हैं। इसके साथ ही मतदान सेल्फी योजना भी बनाई गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर सेल्फी प्वाइंट रहेगा। जिस मतदान केंद्र पर सबसे ज्यादा सेल्फी अपलोड की जाएगी ऐसी पंचाय ग्राम पंचायत, पांच नगर परिषदों को जिला प्रशासन बाद में सम्मानित करेगा। जिस मतदान केंद्र पर 85 फीसदी से ज्यादा मतदान होगा वहां के युवाओं को खेल किट सामग्री प्रदाय करते हुए पुरस्कृत किया जाएगा।

#### 400 के लगभग वाहन किए गए अधिग्रहीत

मतदान दलों को केंद्रों तक पहुंचाने सहित अन्य चुनावी कार्यों के लिए प्रषासन द्वारा 400 के लगभग बसों, छोटे-बड़े अन्य वाहनों को अधिग्रहीत किया गया है। कुछ वाहन रिजर्व में भी रखे गए हैं। इसी तरह मतदान दलों के लिए भी कई कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है ताकि किसी तरह की परेशानी होने पर रिजर्व कर्मचारियों को केंद्रों पर भेजा जा सके।

### थमा प्रचार, अब घर-घर कर पाएंगे प्रचार

## सीएम ने राजगढ़ सहित राघौगढ़ और ब्यावरा में किया रोड शो



**राजगढ़।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिवस दोनों ही दलों ने प्रचार में जान फूंक दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के पक्ष में रविवार को 2.30 बजे राजगढ़ व ब्यावरा नगर सहित राघौगढ़ में रोड शो किया। मुख्यमंत्री पहले राघौगढ़ पहुंचे इसके उपरान्त अपरान्ह साढ़े चार बजे उनका हेलीकॉप्टर राजगढ़ पहुंचा। यहां मंगल भवन से आरंभ हुआ उनका रोड शो मेन मार्केट होते हुए सब्जी मंडी व जय स्तंभ चौक के नजदीक पहुंचकर समाप्त हुआ जहां एक चुनावी सभा आहूत हुई।

इस बीच विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस दौरान सांसद नागर सहित रघुनंदन शर्मा, विधायक अमर सिंह यादव व अन्य भाजपा पदाधिकारी पूरे समय रोड शो में नजर आए। कार्यकर्ताओं द्वारा इस रोड शो को सफल बनाने सबह से ही खासे इतेजाम किए गए थे। राजगढ़ के प्रचार उपरान्त मुख्यमंत्री ब्यावरा के लिए रवाना हो गए।

#### अनेक स्थानों पर फूलों की वर्षा की

राजगढ़ में मुख्यमंत्री के इस रोड शो के दौरान कई स्थानों पर गुलाब के फूलों से स्वागत, अभिनंदन किया गया। हालांकि, पूरे दिवस के इंतेजार के बाद मुख्यमंत्री काफी लेट इस रोड शो के लिए पहुंचे थे इसके बाद भी कार्यकर्ता पूरे समय उनके इंतेजार में पलक पांवड़े बिछाकर बैठे हुए नजर आए।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**ब्यावरा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज फोटो सहित, पासपोर्ट, पासबुक फोटो सहित बैंक डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र केन्द्र राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी मार्गदर्शन के लिए उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटोयुक्त ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान अधिकारी को दिखाना होगा।

## सेन समाज ने मनाई सेन महाराज की 724 वीं जयंती

**सारंगपुर।** सेन समाज द्वारा स्थानीय श्री सत्यनारायण मंदिर में रविवार को सत्य और अहिंसा के पुजारी सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन महाराज की 724वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। वहीं भगवान का पूजन आरती कर प्रसाद वितरण के साथ समाजजन की खुशहाली के लिए भी भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर दिनेश चौहान, राधेश्याम चौहान, अखिलेश चौहान, संतोष चौहान, सुनील चौहान, यशवंत चौहान, नाना चौहान, अरविंद चौहान, शांतनु चौहान सहित कई महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत सिविल अस्पताल सारंगपुर में समाजसेवी जुगल चौहान के नेतृत्व में समाज जनों द्वारा मरीजों को फल फ्रूट वितरण किया।

### धनगर समाज ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

# प्रशासनिक अमले की समझाइश के बाद माने ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वर्तमान में हर एक समाज अपने लोगों के उत्थान और जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार नजर आ रहा है। इनमें से वर्षों से उपेक्षा का शिकार धनगर समाज ने भी लोसचुनाव के अवसर पर अपनी आवाज बुंलद कर सत्ताधारियों एवं विपक्षी नेताओं के पास अपनी मांगों को पहुंचाने का बिड़ा उठाया है। सारंगपुर, राजगढ़ सहित प्रदेशभर में धनगर जाति एवं उसकी उपजातियों की राजनीतिक दलों के द्वारा हो रही उपेक्षा को लेकर समाज ने विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के बैनर तले जनप्रतिनिधियों एवं दोनो ही पार्टियों के जिलाध्यक्षों को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन देने का अभियान चलाया गया है, ताकि इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों के द्वारा समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।

सारंगपुर में धनगर समाज के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि राजगढ़ सहित प्रदेश भर में जिला मुख्यालय पर संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकरियों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपे हैं। हमारी मांग है कि प्रदेश में धनगर जाति अपनी उपजातियां पाल, बघेल, गायरी, गाडरी, गडरिया, भारूड, गाडरी, मझारी, श्रीपाल, हटकर, हाटकर कुरुमार, कुरुमा, दरिया घोसी, गवाला एवं महाराष्ट्रीयन धनगर के रूप में निवासरत हैं। धनगर ने कहा कि प्रदेश में समाज की लगभग 80 लाख आबादी है और 230 विधानसभा सीटों पर समाज के लगभग 50 लाख मतदाता हैं। विधानसभा में 150 सीटों व लोकसभा में 29 सीटों में से 19 सीटों पर समाज के वोट निर्णायक भूमिका में होते हैं। देश प्रदेश की राजनीति में वोटर के रूप में निर्णायक भूमिका में होने के बावजूद लोकसभा, विधानसभा, राज्यसभा में समाज को कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है।



समाज के प्रतिनिधि पूर्व में भी इस आशय की जानकारी को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद समाज व उसकी उपजातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। धनगर ने बताया कि समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से समाज कई कठिनाइयों से जूझ रहा है। अब ऐसा महसूस होने लगा है की प्रदेश की 80 लाख आबादी में से एक भी व्यक्ति नहीं, जिसे किसी तरह से नेतृत्व प्रदान किया जा सके। समाजजन की राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं देकर बहुसंख्यक समाज की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसे लेकर धनगर समाज उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्षों के नाम ज्ञापन सौंपकर रखा है अपना पक्ष सुनील धनगर सारंगपुर ने बताया कि धनगर समाज की लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में राजगढ सहित समाजजनों ने इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, भिण्ड, शिवपुरी, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, बैतुल, शाजापुर, रायसेन, राजगढ़, बड़वानी, खरगोन, अशोक नगर, निवाड़ी, नीमच, सीहोर, मऊगंज, सिंगरोली सहित प्रदेश के सभी जिलो मे पार्टी जिला अध्यक्ष के माध्यम से भाजपा-कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्षों के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना पक्ष रखा। उम्मीद है कि सुनवाई होगी, नहीं तो समाज को अपनी हक की लड़ाई के लिए आगे कड़े कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

## सारंगपुर थाने में तीन तलाक का मामला दर्ज

**सारंगपुर।** नगर के बारीखेल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकार संरक्षण अधिनियम-2019 की धारा-4 के तहत केस पंजीबद्ध किया है। पति ने महिला को तीन बार तलाक बोला और ससुराल वालों ने भी दहेज के लिए प्रताड़ित किया। मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है।




पुलिस के अनुसार पीड़िता निवासी तलेन हाल निवास वार्ड-12 बारीखेल सारंगपुर की शिकायत पर वसीम पिता शफीक अंसारी, शफीक सर्व निवासी तलेन और अजीज पिता मजीद अंसारी निवासी रिंगरोड थाना खजराना इंदौर की रिपोर्ट लिखवाई गई है। फरियादिया को उसके पति, ससुर और उसके साथी ने गालियां दी। मारपीट कर जान से मारने की धमकी। साथ ही तीन बार तलाक... तलाक... तलाक... बोला। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है।

# महिला मंडल ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वावधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के चलते रविवार को पूर्व पार्षद हर्षा पालीवाल के मुख्य अतिथ्य व महिला मंडल अध्यक्ष शिखा शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर गांधी चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे वरिष्ठ शिक्षिका रेखा तिवारी विशेष अतिथि के रुप मे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन छाया जोशी ने किया तथा आभार गीता शर्मा ने माना। कार्यक्रम के दौरान थाली साजाओ, रंगोली, मेंहदी, फायरलेस कुकिंग, तात्कालिक भाषण, दुल्हन सजाओ,महिला वर्ग भजन, बालकध बालिका वर्ग दोहो व मंत्रो की अंताक्षरी सहित कई रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## माचलपुर में सेन समाज ने धूमधाम से मनाई सेन जयंती

**माचलपुर।** माचलपुर सहित आसपास गांवों के सेन समाज द्वारा सेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर से बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। उल्लेखनीय है कि 13 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सेन जी महाराज का जन्म बांधवगढ़ में हुआ था जिसे अब रीवा के नाम से जाना जाता है।सेन जी महाराज का वास्तविक नाम नंदा था। गुरू रामानंद जी से दीक्षा लेकर सेन जी महाराज वैराग्य की ओर झुक गए। उन्होंने साधु संतों की सेवा के साथ प्रवचन के माध्यम से लोगों में भक्ति भाव और ज्ञान जागृत किया गया। भगवान विष्णु के उपासक सेन महाराज की भक्ति और वैराग्य के कारण ही सेन समाज सेन जी महाराज की जयंती मनाते हैं। इसी अवसर पर माचलपुर में निकली सेन महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा में महिलाओं द्वारा सिर पर मंगल कलश धारण किए गए। शोभायात्रा में बैंड पर बजे भजनों पर महिलाएं और पुरुष उत्साह के साथ जमकर नाचे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पहुंची जहां एकत्रित समाज के सभी महिला पुरूषों द्वारा सामूहिक भोज भी किया गया। सेन जंयती पर निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में माचलपुर एवं आसपास के समाज के महिला पुरूष शामिल हुए।

## संत सेन महाराज का अभिषेक पूजन कर मनाई जयंती

### सेन महाराज मंदिर पर हुआ आयोजन समाजजनों ने की खुशहाली की कामना

**ब्यावरा।** संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में इस बार समाजजनों ने सेन मंदिर पर ही कार्यक्रम किया। इस अवसर पर समाजजनों ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज का अभिषेक किया। इसके बाद विधिवत रूप से उनकी पूजन की। सेन समाज के आराध्य संत सेन जी महाराज से सभी ने पूजा अर्चना कर देश प्रदेश में खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती सेन समाज हर वर्ष हर्षोल्लास से मनाती है। इस बार चुनावी दौर के कारण इस बार समाजजनों ने सेन मंदिर पर ही सादा आयोजन किया।



इस दिन जहां सेन समाज के कई लोग सेन मंदिर इंदौर नाका पहुंचे और यहां संत सेन महाराज का विशेष रूप से श्रंगार किया। साथ ही समाजजनों ने पंचामृत से विधिवत रूप से अभिषेक भी किया। इसके बाद मंगल आरती की गई। पूजन हवन के बाद महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। इस वासर पर स्थानीय सेन समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अमले के पहुंचने पर ग्रामीण माने, एक हैंडपंप के सहारे पूरा गांव

# ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार, आश्वासन के बाद माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आज भी कई गांवों में मूलभूत समस्या को लेकर लोगा परेशान हैं। ऐसे अनेक गांवों में जहां विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान गांव वाले अपनी मूलभूत समस्या को लेकर चुनाव का बहिष्कार करते हैं और इसके बाद प्रशासन का अमला या नेता उस गांव में पहुंचकर उन्हें समझा देता है कि आपके गांव का संपूर्ण विकास की जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन ऐसा होता नहीं है।

ऐसा ही एक मामला सारंगपुर विधानसभा के गांव खेरचाखेड़ी में देखने को मिला। शनिवार को गांव के जागरूक लोग चुनाव के बहिष्कार की सूचना देने के लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपने गांव की समस्या मीड़िया को बताई। ग्रामीणों की समस्या पर मीडियाकर्मी उनके गांव पहुंचे और गांव वालों से बात की। ग्रामीणों ने बताया कि खेती एवं पीने के पानी के लिए कोई साधन नहीं हैं। एक हैंडपंप के भरोसे हैं। इतना ही नहीं गांव के खेतों के लिए कुंडालिया डैम से पानी की सुविधा होनी थी वह भी नहीं हुई, जबकि सभी जगह खेती के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है।

ग्रामीणों ने अपनी मुख्य समस्या बताते हुए कहा कि हमारी मुख्य चार मांगे हैं। पहली गांव के खेतों में पानी के लिए पाइप लाइन डालें, दूसरी मांग स्कूल भवन नया बने और स्कूल का पंजीकरण हो जो छठी से लेकर दसवीं तक स्कूल बने। तीसरी मांग गांव से सीधा सड़क मार्ग लीमाचौहान के लिए जोड़ा जाए। चौथी मांग गांव में दो हैंडपम्प लगाए जाएं। इन चार मांगों को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि जब तक कोई अधिकारी लिखित में नहीं देगा तब तक हम लोकसभा चुनाव में वोट नहीं करेंगे। इसकी सूचना हम प्रशासनिक अधिकारी को दे चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 1000 से ज्यादा की जनसंख्या हमारे गांव में है और हमारे बच्चों को कक्षा छठी सातवीं आठवीं नौवीं दसवीं में पढ़ने के लिए कोई साधन नहीं है। पांचवी तक स्कूल है और वह स्कूल भी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इस स्कूल को मतदान केंद्र भी बनाया गया है स्कूल की छत प्रतिदिन कहीं न कही से गिर रही है। ऐसे में चुनाव के दौरान अगर कोई हादसा होता है तो कौन जिम्मेदार होगा। इसलिए गांव वालों ने ग्रुप से प्रण किया है कि जब तक कोई अधिकारी लिखित आश्वासन नहीं देगा तब तक लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि हमें लिखित आश्वासन चाहिए तभी मतदान की सोचेंगे। जैसे ही उक्त जानकारी प्रशासन को लगी प्रशासनिक अमला भी गांव जा पहुंचा।



#### सूचना मिलने पर प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा

*ग्राम खेरचाखेड़ी के ग्रामीणों द्वारा गांव के विकास को लेकर लगातार मांग कर रहे थे। उनकी मांग को शासन प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा था इस कारण ग्रामीणों ने एक मत होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का संकल्प लिया और लिखित में अधिकारियों को सूचना दी। मीडिया को भी बहिष्कार के बारे में बताया। सूचना के बाद रविवार को प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा तथा लिखित आश्वासन ग्रामीणों को दिया तब जाकर ग्रामीण माने और बहिष्कार का संकल्प वापिस लिया। इस दौरान तहसीलदार मनोज शर्मा ,एसडीओ संजय अग्रवाल, बीएल वर्मा बीएओ सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आपकी विभिन्न मांगे ऊपर पहुंचाई जा रही है तब जाकर ग्रामीण माने।*

#### इनका कहना है...

*ग्रामीणों ने चार प्रमुख मांगें बताई गई थीं जिनको लिखित में लिया गया। ग्रामीणों को सभी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया गया।*

**मनोज शर्मा,** *तहसीलदार सारंगपुर।*